दिन– शनिवार | दिनांक– 18 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए एक हजार छह सौ अंठानवे नामांकन पर्चे भरे गए। आज की जायेगी नामांकन पत्रों की जांच।

02. महागठबंधन में अब तक नहीं हुई सीटों के बंटवारे की औपचारिक घोषणा। कांग्रेस नेताओं ने पार्टी में टिकट बंटवारे को लेकर उठाये सवाल।

03. विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए, महागठबंधन और अन्य राजनीतिक दलों की ओर से प्रचार हुआ तेज। विभिन्न दलों ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची।

04. और, पूरे प्रदेश में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है धनतेरस का पर्व। खरीदारी को लेकर बाजारों में उत्साह का माहौल।

---

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए आज नामांकन पत्रों की जांच की जा रही है। पहले चरण में अठारह जिलों की एक सौ इक्कीस विधानसभा सीटों के लिए एक हजार छह सौ अंठानवे नामांकन परचे भरे गए हैं। बीस अक्टूबर तक प्रत्याशी नाम वापस ले सकते हैं। इस चरण के लिए छह नवंबर को मतदान होगा। वहीं, दूसरे चरण की एक सौ बाईस विधानसभा क्षेत्र में अभी तक दो सौ नब्बे नामांकन पर्चे भरे गए हैं। इस चरण के लिए नामांकन की अंतिम तिथि बीस अक्टूबर तक निर्धारित है।

---

महागठबंधन में सीटों के बंटवारे की औपचारिक घोषणा अब तक नहीं हो सकी है। इधर, कांग्रेस पार्टी में सिम्बल और टिकट बंटवारे को लेकर पार्टी के भीतर ही ओर से सवाल उठाये जा रहे हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता और कटिहार से सांसद तारीक अनवर ने टिकट वितरण फॉर्मूले को लेकर सोशल मीडिया पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि टिकट बंटवारे में भेदभाव हुआ है।

–––बाईट–––

इधर, कांग्रेस पार्टी में नाराज गुट ने आज पटना में एक बैठक बुलाई है। इस बैठक में पार्टी के कई पूर्व विधायक और प्रत्याशियों के साथ ही कई नेताओं के शामिल होने की सम्भावना है। इधर, कई सीटों पर महागठबंधन के घटक दल एक दूसरे के आमने–सामने आ गये हैं। लालगंज, राजापाकर, रोसड़ा, बिहार शरीफ, बछवारा और तारापुर में महागठबंधन के घटक दलों के बीच दोस्ताना मुकाबले तय हैं। सीपीआई ने कांग्रेस की विधायक प्रतिमा कुमारी के खिलाफ राजापाकर निर्वाचन क्षेत्र से अपने

प्रत्याशी उतारे हैं। इधर, पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने कहा है कि गठबंधन में सीटों को लेकर कोई गतिरोध नहीं है। उन्होंने कहा कि सीटों को लेकर बातचीत चल रही है।

---बाईट---

---

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख पशुपति कुमार पारस ने कहा है कि विधानसभा चुनाव के लिए उनका किसी के साथ गठबंधन नहीं हुआ है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री पारस ने कहा कि पहले चरण के चुनाव में उनका दल बेहतर प्रदर्शन करेगा।

---बाईट---

---

विधानसभा चुनाव के प्रचार में तेजी आ गई है। इस बीच भाजपा, जदयू और कांग्रेस समेत विभिन्न राजनीतिक दलों ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची भी जारी कर दी है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

---बाईट---

भाजपा, राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस, जनता दल यूनाइटेड सहित विभिन्न दलों ने चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। जनता दल यूनाइटेड ने अपने 40 स्टार प्रचारक को की सूची जारी की है इसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा के नाम शामिल हैं। कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की सूची में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के नाम शामिल हैं। इधर जनसुराज पार्टी ने भी अपने स्टार प्रचारको की सूची जारी कर दी है। जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर प्रमुख स्टार प्रचारक होंगे। धर्मेंद्र कुमार राय, आकाशवाणी समाचार पटना।

---

विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए, महागठबंधन और अन्य राजनीतिक दलों की ओर से प्रचार जोरशोर से जारी है। आज हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में कटिहार और सुपौल में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल अरवल में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साह का पश्चिम चम्पारण के रामनगर, नरकटियागंज और बगहा में जनसभाओं को संबोधित करने का कार्यक्रम है। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन मांझी बांका में चुनावी सभा में शामिल होंगे। इधर, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत की आज मधुबनी में सभाएं निर्धारित है। दूसरी तरफ राजद, कांग्रेस और वाम दलों की ओर से भी विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाएं आयोजित की जा रही है।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह अपने बिहार दौरे के तीसरे और आखिरी दिन आज पटना में पार्टी और एनडीए के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक करेंगे। इससे पूर्व सारण के तरैया में कल एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुये श्री शाह ने कहा कि बिहार के लोग अब जंगलगराज की कहानी को फिर से दोहराना नहीं चाहते हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ रहा है और पार्टी को उनके नेतृत्व पर पूरा भरोसा है।

---बाइट---

---

लोजपा आर के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि एनडीए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहा है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री पासवान ने कहा कि जितने विधायक जीत कर आयेंगे वे विधायक दल का नेता चुनेंगे।

---बाईट---

---

इधर, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि एनडीए में मुख्यमंत्री पद को लेकर कोई विवाद नहीं है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुये उन्होंने कहा कि बिहार में एनडीए के पक्ष में लहर चल रही है।

---बाइट---

---

हाजीपुर की एक अदालत ने चर्चित बबलू श्रीवास्तव हत्याकांड के मामले में पूर्व सांसद सूरजभान सिंह और पूर्व विधायक विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला को दोषमुक्त कर दिया है। जिला और अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय उमेश कुमार शर्मा ने यह फैसला सुनाया। यह मामला वर्ष उन्नीस सौ संतानवे का है। वहीं, दानापुर से राजद विधायक रीतलाल यादव की विधानसभा चुनाव के दौरान प्रचार के लिए अस्थायी रिहाई– परोल की मांग वाली याचिका पर स्थानीय अदालत ने राज्य सरकार से जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई तीस अक्टूबर को होगी। रीतलाल यादव ने निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार के लिए चार सप्ताह की परोल मांगी है। इधर, आर्म्स एक्ट मामले में आरोपित पूर्व मंत्री मंजू वर्मा के मामले में बेगूसराय की एमपी–एमएलए कोर्ट में सुनवाई एक बार फिर टल गयी है। मामले की सुनवाई अब उनतीस अक्टूबर को निर्धारित की गयी है।

---

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद कुमार गुंजियाल की ओर से जारी सूची के अनुसार प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम—एसआईआर के तहत दो सौ तैंतालीस विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचक सूची में नाम जोड़ने या हटाने के लिए कल तक जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष मात्र एक अपील दायर की गयी है।

---

पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व की आज से शुरूआत हो रही है। इसके तहत धनतेरस का पर्व आज पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। धनतेरस को धन त्रयोदशी और धनवंतरी जयंती के रूप में भी जाना जाता है। इस दिन भगवान धन्वंतरी की पूजा अर्चना की जाती है। ऐसी मान्यता है कि आज ही के दिन समुद्र मंथन के दौरान भगवान धन्वंतरी अपने हाथ में अमृत कलश लेकर प्रकट हुये थे। इस दिन सोने—चांदी के आभूषण और बर्तन खरीदने का प्रचलन है। माना जाता है कि इससे घर में सुख, समृद्धि और सौभाग्य की वृद्धि होती है। धनतेरस को लेकर राजधानी पटना सहित प्रदेश भर के बाजारों में सुबह से ही विशेष रौनक देखी जा रही है। आभूषण की दुकानों, गाड़ियों के शोरूम और इलेक्ट्रॉनिक्स तथा बर्त्तन की दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को धनतेरस की शुभकामनाएं दी है।

---

बांका बार एसोसिएशन के जिला विधिक संघ के लिए सम्पन्न चुनाव में उमेश्वर प्रसाद सिंह अध्यक्ष और देवेंद्र चौधरी महासचिव पद पर विजयी हुए। हमारे संवाददाता ने बताया है कि कल इकतीस पदों पर चुनाव हुये थे। शेष पदों के लिए मतगणना आज होगी।

---

रणजी ट्रॉफी के प्लेट ग्रुप में बिहार ने अरूणाचल प्रदेश को एक पारी और एक सौ पैंसठ रन से हरा दिया है। पटना के मोईनुलहक स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में मेजबान टीम ने शकीबुल गनी की कप्तानी में शानदार प्रदर्शन करते हुये अरूणाचल प्रदेश को पहली पारी में एक सौ पांच और दूसरी पारी में दो सौ बहत्तर रन पर समेट दिया। बिहार की ओर से गोपालगंज के तेज गेंदबाद शाकिब हुसैन ने दस विकेट हासिल किये।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने बिहार विधानसभा चुनाव से जुड़ी अलग–अलग खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दावे को प्रमुखता देते हुये लिखा है– बिहार में एनडीए को सबसे बड़ा बहुमत मिलेगा।

दैनिक भास्कर ने महागठबंधन में सीटों के बंटवारे पर लिखा है– सात सीटों पर इंडिया वर्सेस इंडिया। अखबार लिखता है– एनडीए और इंडिया के रण बाकरों की एक सौ चौदह सीटों पर होगी सीधी लड़ाई।

प्रभात खबर की सुर्खी है– महागठबंधन में नहीं खुली गांठ, एक सौ इक्कीस सीटों पर एक सौ सत्ताईस उम्मीदवार हो गये खड़े।

दैनिक जागरण ने लिखा है– मतदाताओं को लुभाने के हथकंडे पर रहेगी आयुक्त की सख्त नजर।

आज अखबार लिखता है– मुकेश सहनी नहीं लड़ेंगे चुनाव।

राष्ट्रीय सहारा ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से लिखा है–डिजिटल अरेस्ट की बढ़ती घटनाएं चिंताजनक।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए एक हजार छह सौ अंठानवे नामांकन पर्चे भरे गए। आज की जायेगी नामांकन पत्रों की जांच।

02. महागठबंधन में अब तक नहीं हुई सीटों के बंटवारे की औपचारिक घोषणा। कांग्रेस नेताओं ने पार्टी में टिकट बंटवारे को लेकर उठाये सवाल।

03. विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए, महागठबंधन और अन्य राजनीतिक दलों की ओर से प्रचार हुआ तेज। विभिन्न दलों ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची।

04. और, पूरे प्रदेश में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है धनतेरस का पर्व। खरीदारी को लेकर बाजारों में उत्साह का माहौल।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।